प्रादेशिक समाचार

25.06.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र सरकार ने झारखंड के झरिया कोयला क्षेत्र के पुनरुद्धार के लिए संशोधित मास्टर प्लान को दी मंजूरी, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– योजना के तहत आग, भूमि धंसाव और पुनर्वास की समस्याओं के समाधान पर 5940 करोड़ रुपये होंगे खर्च।

2. आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर झारखंड समेत देशभर मे कार्यक्रम हुए आयोजित, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा– कांग्रेस ने संविधान की हत्या कर देश में आपातकाल लगाकर आम आदमी के अधिकारों का किया हनन।

3. मादक पदार्थ विरोधी राज्यवापी जागरूकता अभियान को लेकर कल रांची में होगी मैराथन दौड, समापन समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे शामिल।

4. नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में लोहरदगा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, लेवी वसूली में संलिप्त पीएलएफआई के दो नक्सली गिरफ्तार।

5. 3 जुलाई से रांची में सब जूनियर नेशनल गर्ल्स हॉकी चैंपियनशिप का होगा आयोजन, देशभर की 30 टीमें लेंगी भाग।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने झारखंड में झरिया कोयला क्षेत्र के पुनरूद्धार के लिए संशोधित मास्टर प्लान को स्वीकृति दे दी है। इस मास्टर प्लान के कार्यान्वयन से झरिया कोयला क्षेत्र में आग, भूमि के धंसाव से जुडे मुद्दों तथा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास का समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संशोधित योजना के कार्यान्वयन में पांच हजार नौ सौ चालीस करोड़ रुपये का कुल व्यय होगा।

**********************

आज संविधान हत्या दिवस है। यह दिन हमें उन घटनाओं की याद दिलाता है, जब 25 जून, 1975 को संविधान का गला घोंटकर देश में आपातकाल लागू किया गया था। यह आपातकाल से पीड़ित प्रत्येक व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का दिन है।

**********************

इधर, गिरिडीह में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर विशेष सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान की हत्या कर देश में आपातकाल लगाकर आम आदमी के अधिकारों का हनन किया था।

वहीं, भाजपा की जमुआ विधायक मंजू कुमारी ने भी कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि आपातकाल आम जनता के गले पर चोट थी और इस काले दिन को कभी नहीं भूलना चाहिए।

**********************

चतरा में भी आपातकाल की 50वीं बरसी पर भाजपा ने काला दिवस मनाया। प्रदेश उपाध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने` आपातकाल को देश के लिए काला अध्याय बताया।

**********************

राज्यव्यापी निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के समापन के अवसर पर कल रांची में मैराथन दौड़ और समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। मैराथन दौड़ सुबह 6.00 बजे मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पर समाप्त होगी। इसके बाद दोपहर 1.00 बजे डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में समापन समारोह आयोजित होगा जहां मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

**********************

रांची में मुख्य सचिव अलका तिवारी ने जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक कर सभी उपायुक्तों को मिशन के सफल क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया। उन्होंने अधूरे कार्यों और पूर्ण भुगतान की शिकायतों को गंभीरता से लेकर जांच कराने और कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

*********************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में लोहरदगा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के दो उग्रवादियों को लेवी वसूली के दौरान गिरफ्तार किया है। लोहरदगा एसपी सादिक अनवर रिजवी ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी जारी है।

*********************

खूंटी जिले में विगत कई वर्षों से बड़े पैमाने पर मनरेगा और बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम की बागवानी की जा रही है।

*********************

<u>संक्षिप्त खबरें–</u>

- रांची में सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड– सीसीएल की सीएसआर योजना 'लाल लाडली' के तहत आईआईटी की मुफ्त तैयारी के लिए इस वर्ष योजना के तहत 20 बालक और 20 बालिकाओं का चयन किया गया है। सीसीएल ऑफिसर अखिलेश उपाध्याय ने बताया कि अब तक 180 से अधिक बच्चे आईआईटी में दाखिला ले चुके हैं और कई बच्चे कोल इंडिया और अन्य सरकारी संस्थानों में कार्यरत हैं
- पलामू जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों और शैक्षणिक संस्थानों में आज नशा उन्मूलन, साइबर क्राइम और सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत पाटन, लोहाड़–पड़वा, तरहसी, चैनपुर और हरिहरगंज थाना क्षेत्रों में प्रभात फेरी और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए।

*********************

मौसम विभाग ने अगले तीन घंटों के लिए राज्य के कई जिलों में मध्यम गर्जन के साथ बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है। यह मौसम अलर्ट रांची समेत बोकारो, देवघर, धनबाद, हजारीबाग, जामताड़ा, खूंटी, लोहरदगा, रामगढ़ , सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम जिलों के लिए प्रभावी रहेगा। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

*********************

रांची में 3 से 14 जुलाई तक सब जूनियर नेशनल गर्ल्स हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में किया जाएगा, इस प्रतियोगिता में तमिलनाडु, केरल, हरियाणा, ओडिशा, झारखंड समेत देशभर की 30 टीमें हिस्सा लेंगी। हॉकी इंडिया की चयन समिति के सदस्य प्रतियोगिता के दौरान मौजूद रहेंगे। हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने इसे राज्य के लिए गर्व का अवसर बताया है।

*********समाप्त*********